# महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने लगवाया 500 बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की पहल पर देश में पहली बार सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित सफाई कर्मचारियों की बच्चियों व स्कूली छात्राओं को निःशुल्क टीकाकरण करवाया गया। इस दौरान बच्चियों ने "कैंसर हारेगा, भारत जीतेगा" के नारे भी लगाए। गौरतलब है कि महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने अपने मानदेय की राशि में से सर्वाइकल कैंसर के टीकों की राशि का भुगतान किया है। शिविर में 500 बच्चियों को टीकाकरण के लिए नामांकित किया गया था।

दरअसल जवाहर कला केंद्र में 15 से 17 मार्च तक शक्ति वंदन महोत्सव आयोजित किया गया। महोत्सव के अंतिम दिन सी 'फूलों की होली' भी खेली गई। मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने घरेलू उत्पाद बनाने वाली लगभग 300 महिलाओं को प्लेटफार्म प्रदान करते हुए निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध करवायी। चूंकि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत" के सपने को साकार करने तथा प्रतिभाओं को अवसर देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की इस जनकल्याणकारी पहल और महिलाओं को समर्पित "शक्ति वंदन महोत्सव" का उदघाटन मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किया था। इस तीन दिवसीय महोत्सव का मुख्य आकर्षण सर्वाइकल कैंसर पीड़ितों का निःशुल्क टीकाकरण रहा।

महापौर ने बताया कि देश में महिलाओं में फैलने वाली कैंसर में "सर्वाइकल कैंसर" दूसरे स्थान पर आता है, इसकी समय रहते रोकथाम के लिए इसका एकमात्र उपाय समयबद्ध तरीके से किया टीकाकरण ही है। हमारे देश की बच्चियां हमारे कल का भारत है, इनकी सुरक्षा हमारा पहला दायित्व है। इससे बचाव के लिए जागरूक करने के लिए महोत्सव के दौरान डॉक्टर्स व विषय विशेषज्ञों के साथ टॉक शो भी आयोजित किये गये, जिससे कि आमजन को इस बीमारी के बारे में अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध हो सके।

कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों की बच्चियों एवं स्कूली छात्राओं ने बढ़-चढ़कर टीकाकरण कराया, जिसमें टीकाकरण के लिए लगभग 500 बच्चियां को नामांकित किया गया। टीकाकरण कराने वाली बच्चियों द्वारा टीकाकरण के दौरान "कैंसर हारेगा, भारत जीतेगा" के नारे भी लगाये गये।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर द्वारा की यह पहल देश में पहली बार की गई है। इस प्रकार की पहल से देश में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता और इससे बचाव के लिए आमजन प्रोत्साहित होगें। जिससे समयबद्ध तरीके से सर्वाइकल कैंसर का टीकाकरण होने पर देष सर्वाइकल कैंसर मुक्त हो सकेगा।

इस समारोह में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए "वोकल फॉर लोकल" के तहत प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु सृजन, श्री अन्नम्, वस्त्रम्, सौन्दर्यम्, हरितम् (पर्यावरण), रत्नम्, वेस्ट टू वेल्थ, संस्कृति सम्बन्धी 300 स्टॉल-प्रदर्शानी लगाई जाकर उत्पादों को आमजन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कैंसर हारेगा, भारत जीतेगा सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण की पहल, निडर नारी, सषक्त भारत आत्मरक्षा का संकल्प, युग परिवर्तन की आधारशिला "नारी शक्ति वंदन", मेरी कहानी मेरी जुबानी, शक्ति वंदन भारत के स्व का अभिनंदन, चेंज मेकर-द रियल वूमेन, आर्थिक सशक्तिकरण, उद्यमिता में नारी शक्ति, स्वस्थ्य नारी समृद्ध समाज, साक्षरता-डिजिटल, फाइनेंशियल, लीगल टॉक शो भी आयोजित करते हुए महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किये जाकर महिला सशक्तिकरण के कदम उठाये गये।

साथ ही अहिल्याबाई होल्कर के जीवन वृतांत पर प्रकाश डालते हुए महिला सशक्तिकरण व राष्ट्र निर्माण में दिये गये योगदान से आमजन को प्रेरणा लेने के लिए अहिल्या बाई होल्कर प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी। महोत्सव के दौरान राजस्थानी कला और संस्कृति को प्रोत्साहन करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फागोत्सव का आयोजन किया गया।



**जयपुर के जवाहर कला केंद्र में 15 से 17 मार्च तक आयोजित शक्ति वंदन महोत्सव में घरेलू उत्पाद बनाने वाली महिलाओं ने प्रदर्शनी लगाई। इस दौरान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने उन्हें प्रोत्साहित किया।**

- अपने मानदेय की राशि में से टीकाकरण का खर्च उठाकर देशभर में पेश की अनुकरणीय पहल
- जवाहर कला केंद्र में आयोजित शक्ति वंदन महोत्सव का धूमधाम से हुआ समापन
- ग्रेटर महापौर ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए "300 स्टॉल" प्रदर्शनी भी लगवाई

## दिया कुमारी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात की



**जयपुर/नई दिल्ली।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य, रसायन तथा उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने राजस्थान के विकास संबन्धी विषयों पर विस्तृत चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

वहीं दूसरी ओर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से सोमवार को दिया कुमारी ने मुलाकात की। दोनों के बीच राजस्थान में नए पर्यटन आयाम तलाशने, सीमावर्ती इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के साथ विशेष रूप से ट्राइबल टूरिज्म और रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने की चर्चा के साथ शेखावाटी इलाके में हवेलियों के संरक्षण एवं पर्यटन की अपार संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय में हुई बैठक में पर्यटन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# चारदीवारी में जुलूस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई



**विधायक बालमुकुंद आचार्य व भाजपा अध्यक्ष अमित गोयल ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा।**

**जयपुर।** धुलंडी पर जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, हवा महल, चांदी की टकसाल होते हुए आमेर रोड तक दुपहिया और चौपहिया वाहनों से रैली निकालने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। हवा महल विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य और शहर भाजपा अध्यक्ष अमित गोयल ने सोमवार को पुलिस कमिश्नर से मिलकर ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की।

विधायक बालमुकुंद आचार्य ने बताया कि झुंड में मोटरसाईकिलों पर चार-चार व्यक्ति बैठे थे। उन्होंने मार्ग में देशी-विदेशी पर्यटकों के साथ अभद्रता और मारपीट की। मकानों के बाहर खड़े वाहनों के शीशे तोड़े। गोविंद देव जी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं विशेषकर महिलाओं के साथ अभद्रता और आपत्तिजनक टिप्पणियां की। इससे जयपुर के समस्त सनातनियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पर्यटकों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने से प्रदेश की छवि धूमिल हुई है। दो दिन बाद आमेर रोड, रामगढ़ मोड पर पुनः रैली निकालकर आपराधिक कृत्यों की पुनरावृत्ति की गई। निरंतर निकाली जा रही रैली का मकसद सिर्फ आमजन में भय व्याप्त करना है। विधायक बालमुकुंद आचार्य ने दोनों दिन धार्मिक उन्माद फैलाने की नीयत से निकाली गई रैली में दोषियों की पहचान कर कानूनी कार्यवाही करने तथा बिना अनुमति रैली निकालने पर दोषी पुलिस अधिकारियों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने की मांग की।

## भजनलाल शर्मा पहुंचे दांत का इलाज करवाने

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार अपने दांतों के इलाज के लिए मानसरोवर स्थित निजी डेंटल क्लिनिक पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री ने दांतों की रूटिन जांच करवाई। इस दौरान करीब दो घंटे तक वे क्लिनिक में रहे।

मानसरोवर रजत पथ स्थित माहेश्वरी डेंटल क्लिनिक पर पहुंचे ड्रॉक्टर ने भजनलाल शर्मा के दांतों की सीनियर डेंटिस्ट डॉ. नीलम माहेश्वरी ने जांच की और ट्रीटमेंट किया। बताया जा रहा कि मुख्यमंत्री के दांत की आरसीटी की गई, जिसके कारण उनको क्लिनिक पर करीब 2 घंटे से ज्यादा समय तक रूकना पड़ा। इस दौरान एसएमएस प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

## सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 138 ओझा जी के बाग में विधायक कोष से प्रदत्त राशि 14 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। नटवर कुमावत ने बताया कि वार्ड 138 ओझा जी के बाग में स्थानीय लोगों की मांग पर विधायक कोष से प्रदत्त 14 लाख रुपये की राशि से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

# योजनाओं में फर्जीवाड़ा करने वालों से वसूली की हो कार्यवाही : दक

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि किसानों को अधिक से अधिक राहत मिले, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। किसानों तथा सहकारी सदस्यों को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से राज्य बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिनकी समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनियमितताओं के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए कठोर कार्यवाही की जाए।

- अनियमितताएं रोकने के लिए खरीद केन्द्रों पर नये अधिकारी करें नियुक्त

सहकारिता मंत्री सोमवार को अपेक्स बैंक सभागार में राज्य बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं सहित विभागीय गतिविधियों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अकृषि ऋणों की वसूली के लिए अधिनियम के अनुसार कार्यवाही की जाए तथा अवधिपार ऋणों की वसूली के लिए ऋणी सदस्यों को नोटिस देने के साथ ही समझाइस की जाए। श्री दक ने एकमुश्त समझौता योजना का ड्राफ्ट वित्त विभाग से अनुमोदन के लिए शीघ्र भिजवाए जाने तथा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने योजना के बारे में सभी ऋणियों को कॉल सेन्टर के माध्यम से सूचित करने के लिए एजेंसी हायर करने के भी निर्देश दिए।

दक ने अप्रेल से शुरू होने जा रही चना-सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीद को लेकर राजफैड अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हैण्डलिंग और ट्रांसपोर्ट के टेंडर को लेकर उप रजिस्ट्रारों की जिम्मेदारी भी तय की जाए। टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शितापूर्ण होनी चाहिए। सहकारिता मंत्री ने निर्देश दिए कि खरीद केन्द्रों पर यथासंभव नये अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाए, जिससे अनियमितता की संभावना नहीं रहे। उन्होंने कहा कि जिन खरीद केन्द्रों पर पूर्व में अनियमितताएं हुई हैं, उनकी जांच करवाई जाए। साथ ही, उनका भुगतान रोकने की कार्यवाही भी की जाए। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शुरूआत से ही लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें पूरा करने में पूरे मनोयोग से जुट जाएं, जिससे बजट घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूरा किया जा सके।



**सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने सोमवार को अपेक्स बैंक सभागार में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित किया।**

## प्रदेश में 31 मार्च तक चलाया जाएगा सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की ओर से समस्त प्रदेश में 31 मार्च तक सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य में महिला और बालिकाओं में स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना, उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने तथा स्थानीय पुलिस से संवाद स्थापित करना है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सिविल राइट्स एवं एएचटीयू मालिनी अग्रवाल ने बताया कि महिला सखी सुरक्षा पखवाड़ा एक अभियान है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह पखवाड़ा महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करता है और उन्हें हिंसा और उत्पीड़न से बचाने के लिए विभिन्न संसाधनों और सेवाओं तक पहुँचने में मदद करता है। प्रत्येक एसएचओ द्वारा तीन सुरक्षा सखियों को अभियान में भाग लेने के लिए चिन्हित किया गया है। पर्यवेक्षण तीन सुरक्षा सखियों से संपर्क कर सहयोग और उनके कार्यों की समीक्षा करने एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एसएचओ चिन्हित सुरक्षा सखियों को अभियान के तहत कानून की जानकारी देने के लिए महिला अत्याचार से संबंधित कानून एवं उनके कर्तव्यों के बारे में बताएंगे। सुरक्षा सखी अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर व्यक्तिगत रूप से महिलाओं और बालिकाओं से संपर्क कर उनको महिला संबंधी कानूनों की जानकारी देकर उनके द्वारा बतायी गयी समस्याओं या सुझावों के बारे में जान पुलिस को अवगत करवायेंगी। जागरूकता अभियान की समाप्ति के पश्चात् जागरूकता अभियान में प्रत्येक जिले से सराहनीय कार्य करने वाली 5 सुरक्षा सखी को पुलिस आयुक्त और रेंज महानिरीक्षक रेंज स्तर पर सम्मानित करेंगे।

# राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शिता से जुड़ी कार्य संस्कृति का हो विकास : राज्यपाल



**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से राजस्थान प्रशासनिक और लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की।**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि प्रशासनिक और लेखा सेवा में राष्ट्रिहत को सर्वोपरि मानते हुए अधिकारी पूर्ण पारदर्शिता की कार्य की संस्कृति का विकास करें। उन्होंने समय के साथ जीवन प्रबंधन को जोड़ते हुए नैतिक मूल्यों के लिए कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजकीय सेवा में आने के बाद अधिकारियों को यह चाहिए कि वे जन कल्याण से जुड़े कार्यों और विकास योजनाओं का प्रभावी रूप में क्रियान्वयन करें।

बागडे सोमवार को राजभवन में राजस्थान प्रशासनिक और लेखा सेवा के वर्ष 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राजभवन में अतिरिक्त मुख्य सचिव और हरिश्चन्द्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान की महानिदेशक श्रेया गुहा की पहल पर इन अधिकारियों की राज्यपाल से मुलाकात हुई।

इस दौरान राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों के कार्य और प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि राज्य और देश के विकास में वे भविष्य में सार्थक भूमिका निभाएं। उन्होंने लोकसभा के पहले अध्यक्ष रहे श्री गणेश वासुदेव मावलंकर का उदाहरण देते हुए कहा कि संसदीय परम्पराओं और मर्यादाओं के साथ लोक प्रशासन की देश में उन्होंने नींव रखी। उन्होंने आचार्य चाणक्य और अन्य महापुरुषों का संदर्भ देते हुए कहा कि राजकीय सेवा में ईमानदारी और राजकीय हित को प्रमुखता देते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि जीवन में भोजन के साथ हर स्तर पर व्यवस्थित नियोजन और प्रबंधन यदि आप करते हैं, तभी पदस्थापित पद पर अपने आपको प्रभावी रूप में साबित कर पाएंगे।

राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वीराज ने अधिकारियों से पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच जरूरी है। अधिकारी राजकीय हित में अपनी पूर्ण क्षमता के साथ काम करें। आरंभ में हरिश्चन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान की अतिरिक्त महानिदेशक शैली कृष्णा ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा और लेखा सेवा के प्रशिक्षु 107 अधिकारियों के प्रशिक्षण और ओटीएस की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

## नायब सरकार कर रही है नए हरियाणा का निर्माण : डॉ. पूनिया

**चंडीगढ़।** भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार के वित्त वर्ष 2025-26 के बजट को नायाब, विजनरी और प्रोग्रेसिव बजट बताया। उन्होंने कहा कि बजट में सभी तबके के लोगों को छूआ गया है और यह बजट अंत्योदय की कल्पना को साकार करने वाला बजट है। कृषि, पशुपालन, भेड़-बकरी चराने वाले से लेकर आंगनवाड़ी तक और आर्टिफिशियल इंटलेजेंसी से लेकर एयरपोर्ट तक यानि सभी चीजों का प्रावधान बजट में किया गया है।

पूनिया ने कहा कि, विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विजन को समर्पित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा को विकसित बनाने के लिये वित्त वर्ष 2025-2026 का एक विजनरी बजट पेश किया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बहुत ही बेहतरीन एवं जनकल्याणकारी बजट पेश किया है।

# 'लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के स्थाई समाधान करें'

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के जवानों व अधिकारियों द्वारा 15 मार्च को पुलिस होली नहीं मनाने की जानकारी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संज्ञान में आने पर उनके द्वारा इस विषय में सोमवार को मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त विभाग, महानिदेशक पुलिस एवं शासन सचिव कार्मिक विभाग से विचार विमर्श कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग आनन्द कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया गया कि पुलिसकर्मियों की सेवा संबंधी कुछ मांगें पिछले 5-6 वर्षों से विचाराधीन हैं। इनमें उनकी पदोन्नित, वेतन, अवकाश संबंधी मांगे शामिल हैं।

- पुलिसकर्मियों की समस्याओं के प्रति मुख्यमंत्री गंभीरः गृह विभाग की बुलाई बैठक

मुख्यमंत्र ने इस विषय को काफ़ी गंभीरता से लिया है व अधीनस्थ पुलिसकर्मियों से संबंधित एवं उनके कल्याणार्थ बिंदुओं पर अतिशीघ्र आवश्यक उचित कार्यवाही करने एवं लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का स्थाई समाधान करने के निर्देश दिये हैं।

निकट भविष्य में पुलिसकर्मियों से संबंधित इन सभी बातों का विभाग स्तर पर परीक्षण करवाकर, एक नवीन परिप्रेक्ष्य में भविष्योन्मुखी परिवर्तन लागू किए जाएंगे।

# सीबीआई ने कहा कि राज्य सरकार अनुसंधान में सहयोग नहीं कर रही

## हाईकोर्ट ने कहा कि सीआरपीएफ या अन्य एजेंसियों की मदद ले लो

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने प्रदेश में बजरी चोरी, अवैध खनन व परिवहन सहित बजरी माफियाओं से जुडे मामलों में सीबीआई को कहा है कि वह चाहे तो इन केसों में अनुसंधान के लिए सीआरपीएफ या अन्य जांच एजेंसियों से भी मदद ले सकती है। वहीं सीबीआई अवैध बजरी खनन व बजरी माफियाओं से जुडे जितने केसों में अनुसंधान करना चाहे, वह उसके लिए फ्री है। अदालत ने राज्य सरकार की एजेंसियों को सीबीआई का सहयोग करने को कहा है। वहीं अदालत ने पूर्व लीज धारक की ओर से मामले में पक्षकार बनने वाली अर्जी भी खारिज कर दी। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश बजरी चोरी के मामले में आरोपी जब्बार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

- हाईकोर्ट ने प्रदेश में बजरी चोरी, अवैध खनन व परिवहन सहित बजरी माफियाओं से जुडे मामलों पर सुनवाई की

सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि अवैध बजरी खनन व खनन माफियाओं के कारण पुलिस वाले मर रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार को इसकी कोई भी परवाह नहीं है। पूरा सिस्टम ही भगवान भरोसे चल रहा है। अदालत ने मामले में राज्य सरकार को मामले में की गई कार्रवाई का ब्यौरा पेश करने के लिए 2 अप्रैल तक का समय दिया है। पिछली सुनवाई पर सीबीआई की ओर से संसाधनों की कमी का हवाला देते हुए बनास व चंबल के आसपास बजरी खनन से जुडे करीब 416 मामलों में अनुसंधान करने में असमर्थता जताई थी। जिस पर अदालत ने सीबीआई के निदेशक को व्यक्तिगत या वीसी के जरिए पेश होकर यह बताने के लिए कहा था कि इन मामलों में क्या अनुसंधान चल रहा है और अदालत के आदेश की इतनी लंबी अवधि होने के बाद भी अवैध बजरी खनन व माफियाओं के खिलाफ उन्होंने उचित कार्रवाई क्यों नहीं की। गौरतलब है कि अप्रैल, 2024 को अदालत ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपते हुए कहा था कि स्वतंत्रता दी थी वह बनास और चंबल नदी में अवैध खनन व परिवहन से जुडे मामलों में दर्ज एफआईआर की जांच भी कर सकती है।